सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-520
26/10/2017

लोक आस्था के महान पर्व छठ के तीसरे दिन आज मुख्यमंत्री ने अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य अर्पित किया

पटना, 26 अक्टूबर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज शाम अपने आवास 1, अणे मार्ग स्थित तालाब में भगवान भाष्कर को अपने परिवार के निकट सदस्यों के साथ अर्घ्य अर्पित किया तथा राज्यवासियों के सुख, शांति, समृद्धि के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

आज अस्ताचलगामी सूर्य के अर्घ्य के अवसर पर राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने दानापुर के नासरीगंज घाट से गायघाट तक स्टीमर द्वारा पटना महानगर के गंगा नदी के विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण किया और छठव्रतियों एवं राज्यवासियों को छठ की शुभकामनायें दी। लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर अस्ताचल भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। घाटों पर उपस्थित श्रद्धालू एवं उपस्थित नर–नारियों एवं बच्चों ने राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का अभिवादन हाथ उठाकर किया। मुख्यमंत्री ने भी सभी लोगों का अभिवादन हाथ उठाकर स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने तमाम घाटों पर छठव्रतियों के लिये की गयी व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, साफ–सफाई, विद्युत व्यवस्था इत्यादि का बारिकी से अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री के भ्रमण के क्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, सहकारिता मंत्री श्री राणा रंधीर सिंह, महापौर पटना नगर निगम श्रीमती सीता साहू, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, पुलिस महानिदेशक श्री पी0के0 ठाकुर, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, प्रधान सचिव नगर विकास श्री चैतन्य प्रसाद, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री आनंद किशोर, पुलिस महानिरीक्षक पटना नैयर हसनैन खान, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******